गैरसैंण, रविवार
14 जनवरी 2024
वर्ष: 14
अंक: 241 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

ज

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सीएम धामी ने महंगाई भत्ते की पत्रावली को दी मंजूरी, लाखों कर्मचारियों को होगा लाभ

**देहरादून(सं)।** विभिन्न संगठनों की मांग के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते की पत्रावली को अनुमोदन दे दिया है। इससे पहले दिन में उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने मुख्यमंत्री से महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग की थी। केंद्र के समान महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाने की मांग कई माह से चल रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने इसकी पत्रावली पर अनुमोदन दे दिया। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंदबर्द्धन ने बताया कि मुख्यमंत्री का अनुमोदन मिलने के बाद जल्द ही आदेश जारी कर दिए गए। सचिवालय संघ ने



मुख्यमंत्री का आभार जताया। संघ के अध्यक्ष सुनील लखेड़ा, उपाध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली, महासचिव राकेश जोशी, संयुक्त सचिव रणजीत सिंह रावत, लालमणि जोशी, रेनू भट्ट, रमेश बड़थ्वाल, प्रमिला टमटा ने कहा कि काफी समय से ये मांग की जा रही थी, जिससे लाखों कर्मचारियों को लाभ होगा। उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर चार प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की मांग की थी। समिति ने पूर्व में चेतावनी दी थी कि 15 जनवरी तक महंगाई भत्ता न मिला तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। उत्तरांचल पर्वतीय शिक्षक कर्मचारी संगठन ने भी यही चेतावनी दी थी।

## नीतीश कुमार का इनकार, मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे इंडिया के अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने अपना अध्यक्ष चुन लिया है। शनिवार को हुई वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सभी की सहमित बनी है। वर्चुअल बैठक में गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल–मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए। बताया जा रहा है कि बैठख में खरगे को 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाने पर आम सहमति बनी। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।



इससे पहले नीतीश कुमार को गठबंधन का चेयपर्सन बनाने की चर्चा चल रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीतीश ने संयोजक बनने से इनकार कर दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस से ही किसी को इंडी गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। स्टालिन सीएम नीतीश को संयोजक बनाने का प्रस्ताव लाए थे, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

## रामनगर में 12वीं में पढ़ने वाली नाबालिग युवती ने बच्ची को दिया जन्म, इलाके में हड़कंप

**हल्द्वानी(सं)।** शनिवार दोपहर रामनगर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को जन्म देने वाली नाबालिग लड़की कक्षा 12वीं की छात्रा है। वहीं, क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस तक भी मामले की खबर पहुंची है। पुलिस भी इसके पहलुओं की जांच कर रही है। बता दें रामनगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाली नाबालिग का अपने ही गांव में एक युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

बताया जाता है कि युवक ने नाबालिग के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये। नाबालिग युवती और युवक के प्रेम प्रसंग के बारे में किसी को पता नहीं था। आज घर पर अचानक नाबालिग युवती के पेट में दर्द हुआ। जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। नाबालिग के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सक भी हैरान हो गए। जांच में नाबालिग गर्भवती पाई गई। इसकी जानकारी चिकित्सकों ने जब नाबालिग के परिजनों को दी गई तो उनके पैरों तले भी जमीन खिसक गई। चिकित्सकों ने नाबालिग की नॉर्मल डिलीवरी करवाई। जिसके बाद नाबालिग ने एक लड़की को जन्म दिया। वहीं, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

## बीआरओ के लिए काम कर रहे दिहाड़ी मजदूरों को मिलेगा बीमा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन और जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स की ओर से विभिन्न परियोजना कार्यों के लिए नियोजित आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों (सीपीएल) को 10 लाख रुपए की बीमा सुविधा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। समूह (टर्म) बीमा योजना के तहत आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों (सीपीएल) की किसी भी प्रकार की मृत्यु पर उनके परिवार या निकट संबंधियों को बीमा के रूप में 10 लाख रुपए मूल्य की बीमा राशि प्रदान की जायेगी।



### रक्षा मंत्री ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि खतरनाक कार्य स्थलों, खराब मौसम , दुर्गम इलाकों और पेशे की वजह से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरे वाली स्थितियों में तैनात सीपीएल के जीवन के गंभीर जोखिम को ध्यान में रखते हुए और उनके नियोजन काल के दौरान हुई मौतों पर विचार करते हुए मानवीय आधार पर बीमा कवरेज का प्रावधान सीपीएल के लिए मनोबल बढ़ाने वाला एक ठोस कदम साबित होगा। यह योजना देश के भीतरी और दूर–दराज के इलाकों में काम करने वाले सीपीएल के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े एक उपाय के रूप में काम करेगी।

इससे उनके परिवारों की आजीविका सुरक्षित करने में काफी मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री ने हाल ही में सीपीएल की बेहतरी के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी थी। इनमें पार्थिव शरीर के संरक्षण एवं परिवहन तथा सहायक (अटेंडेंट) के परिवहन भत्ते की सुविधा, अंत्येष्टि संबंधी सहायता 1,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए किया जाना और मृत्यु आदि की स्थिति में तत्काल सहायता के रूप में 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि का अग्रिम भुगतान शामिल है।

## कोविड19 : खतरनाक है जेएन–1, अभी तक वायरस का कोई इलाज नहीं

**जिनेव, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा है कि कोविड –19 वायरस सभी देशों में फैल रहा है, जो चिंता का विषय है। कोविड–19 से रोकथाम के लिए डब्ल्यूएचओ की अंतरिम निदेशक मारिया वैन केरखोव ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोविड –19 का वास्तविक प्रसार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या से दो से 19 गुना अधिक है। उन्होंने कई अंगों को प्रभावित करने वाली कोविड बाद की स्थितियों पर चिंता व्यक्त जतायी है।

उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण से पहले से अब से मृतकों की संख्या में भारी कमी आई है, फिर भी 50 देशों से प्रति माह लगभग 10 हजार मौतें होती हैं। उन्होंने कोविड–19 जेएन1 संस्करण को लेकर चिंता व्यक्त की है। सुश्री केरखोव ने कहा कि जेएन–1 संस्करण का अभी तक इसका कोई इलाज उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह अभी भी नया हैतथा इस क्षेत्र पर अपर्याप्त ध्यान दिया गया है और पर्याप्त फंडिंग नहीं की गई है।

## नौसेना में 40 साल सेवाएं देने के बाद आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर हुए सेवामुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत चीता, गुलदार और कुंभीर को राष्ट्र की चार दशकों तक गौरवशाली सेवा के बाद सेवामुक्त कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन जहाजों को कार्य मुक्त करने का कार्यक्रम शुक्रवार को पोर्ट ब्लेयर में एक पारंपरिक समारोह में आयोजित किया गया था, जिसमें सूर्यास्त के समय राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका और तीन जहाजों के डीकमीशनिंग प्रतीक को अंतिम बार नीचे उतारा गया।

आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर को पोलैंड के ग्डिनिया शिपयार्ड में पोल्नोक्नी श्रेणी के ऐसे जहाजों के रूप में तैयार किया गया था, जो टैंकों, वाहनों, कागी तथा सैनिकों को सीधे कम ढलान वाले समुद्र तट पर बिना गोदी के पहुंचा सकते थे। इन युद्धपोतों को क्रमशः वर्ष 1984, 1985 और 1986 में पोलैंड में भारत के तत्कालीन राजदूत एस के अरोड़ा (चीता एवं गुलदार) तथा ए के दास (कुंभीर) की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। तीनों जहाजों के कमांडिंग ऑफिसर के तौर पर क्रमशः कमांडर वीबी मिश्रा, लेफ्टिनेंट कमांडर एसके सिंह और लेफ्टिनेंट कमांडर जे बनर्जी को तैनात किया था।

प्रारंभिक वर्षों के दौरान, आईएनएस चीता को कुछ समय के लिए कोच्चि तथा चेन्नई में रखा गया था और आईएनएस कुंभीर तथा गुलदार विशाखापत्तनम में सेवा दे रहे थे। बाद में इन जहाजों को अंडमान और निकोबार कमान में तैनात किया गया, जहां उन्होंने कार्यमुक्त होने तक अपनी सेवाएं दीं। ये युद्धपोत भारतीय नौसेना में लगभग 40 वर्षों तक सक्रिय रहे थे और 12,300 दिनों से अधिक



समय तक समुद्र में रहते हुए सामूहिक रूप से लगभग 17 लाख समुद्री मील की दूरी तय की। अंडमान और निकोबार कमान के जल स्थलचर मंच के रूप में, इन जहाजों ने तट पर सेना के जवानों को उतारने के लिए समुद्र तट पर 1300 से अधिक अभियान संचालित किए हैं।

इन युद्धपोतों ने अपनी शानदार यात्राओं के दौरान, कई समुद्री सुरक्षा गतिविधियों और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में भाग लिया है। इनमें आईपीकेएफ ऑपरेशन के हिस्से के रूप में ऑपरेशन अमन के दौरान उनकी भूमिका और मई 1990 में भारतीय व श्रीलंकाई सीमा पर हथियारों एवं गोला–बारूद की तस्करी तथा अवैध अप्रवास को नियंत्रित करने के लिए ऑपरेशन ताशा भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के सहयोग से चलाया गया एक संयुक्त अभियान शामिल था। इसके बाद इन्होंने 1997 में श्रीलंका में आए चक्रवात और 2004 में हिंद महासागर में आई सुनामी के बाद राहत कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया था।

भारतीय नौसेना के जहाजों चीता, गुलदार और कुंभीर ने भारतीय समुद्री परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है और उनका सेवामुक्त होना भारतीय नौसेना के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय के अंत का प्रतीक है।

पोर्ट ब्लेयर में आयोजित समारोह में एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन, कमांडर–इन–चीफ अंडमान और निकोबार कमान (सीआईएनसीएएन), वाइस एडमिरल तरुण सोबती, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख, फ्लैग ऑफिसर, पूर्व कमांडिंग ऑफिसर तथा तीनों जहाजों के कमीशनिंग क्रू ने भाग लिया।

# शिक्षा मंत्री ने रूठे शिक्षकों को मनाया, मांगों पर जल्द कार्यवाही का वादा

देहरादून। आश्वासन के बाद समस्याओं के समाधान में देरी से रूठे शिक्षकों को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को काफी हद तक मना लिया। डॉ.रावत ने शिक्षकों की लंबित मांगों पर अब तक की कार्यवाही की जानकारी दी और कहा कि 20 जनवरी को एक बार फिर से उच्च स्तरीय बैठक की जाएगी। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ वित्त और कार्मिक विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया जा रहा है। शिक्षकों को यात्रावकाश की बहाली का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा। शनिवार सुबह शिक्षा मंत्री के यमुना कालोनी स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। डेढ़ घंटे तक चली बैठक में शिक्षक संघ अध्यक्ष राम सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सजवाण ने मंत्री को सिलसिलेवार लंबित मांगों की जानकारी दी। चौहान ने कहा कि चार अगस्त को शिक्षा निदेशालय में हुई बैठक में 33 मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था। कुछ दिन बाद यात्रावकाश बहाली का आदेश जारी तो हुआ लेकिन उसे तत्काल ही वापस भी ले लिया गया।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि एलटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। इसका गंभीरता से प्रयास जारी है। इसके साथ ही चयन प्रोन्नत वेतनमान पर एक इंक्रीमेंट, कनिष्ठ–वरिष्ठ वेतन निर्धारण, प्राथमिक से समायोजित शिक्षकों को चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान में पूर्व की सेवाओं को शामिल करने और अंतरमंडलीय तबादलों पर भी निर्णय किया जाएगा।

बैठक के बाद चौहान और पैन्यूली ने बताया कि शिक्षा मंत्री का रुख सकारात्मक रहा है। फिलहाल उनसे उम्मीद है कि वो जरूर शिक्षकों की मांगों पर कार्यवाही करेंगे।

चमोली बोले, आप मंत्री हैं, अफसर कौन होते हैं आदेश रोकने वाले

शिक्षकों के साथ बैठक के दौरान ही धर्मपुर विधायक विनोद चमोली भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंत्री आवास पहुंचे। शिक्षकों की समस्या सुनने और यात्रावकाश की बहाली का आदेश निरस्त किए जाने पर चमोली ने भी हैरानी जताई। चमोली ने शिक्षा मंत्री को कहा कि, आप मंत्री हैं। विभागीय मुखिया हैं। यदि कोई मांग वाजिब है तो उसके समाधान के लिए नियम–कानून बनाएं। कैबिनेट विधानसभा में प्रस्ताव लाइये। अफसर भला कौन होते हैं आदेशों को रोकने वाले।

लोक सेवा अभिकरण में जल्द होगी प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति

शिक्षा मंत्री ने कहा कि लोक सेवा अभिकरण में भी सदस्य के रूप में आईएएस अधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मालूम हो कि अभिकरण में शिक्षकों के प्रमोशन पर निर्णय होना है। लेकिन कोरम पूरा न होने की वजह से फैसला नहीं हो पा रहा है। प्रशासनिक अधिकार कोटे का पद रिक्त होने की वजह से यह स्थिति बनी है।

# वोट फॉर ओपीएस अभियान चलाएंगे कर्मचारी

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (एनएमओपीएस) ने लोकसभा चुनावों से पहले वोट फॉर ओपीएस अभियान चलाने का निर्णय लिया है। संगठन अब ब्लॉक स्तर पर भी इकाई गठित करेगा। शनिवार को यमुना कॉलोनी स्थित एकता भवन में आयोजित संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में सभी जनपदों के अध्यक्ष, मंत्री, जनपदों के प्रभारी संयोजक, मंडल के अध्यक्ष, मंत्री ,संयोजक और प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष जीत मणी पैन्यूली ने कहा कि आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए संगठन को ब्लॉक स्तर तक और मजबूत किया जाएगा, साथ निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाते हुए, सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए लोकसभा चुनाव से पूर्व वोट फॉर ओपीएस अभियान तेज करें, इसके तहत घर– घर जनसम्पर्क अभियान तेज किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने वर्चुअल माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल्दी ही संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर ठोस प्रस्ताव पारित किया जाएगा, लोकसभा चुनाव से पहले सरकार को मांग माननी पड़ेगी। इस मौके पर जिला इकाईयों ने अपने यहां संगठन की गतिविधियों के साथ ही आंदोलन को तेज करने के भी सुझाव दिए। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांतुन शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत, प्रांतीय प्रचार मंत्री हर्षवर्धन जमलोकी, मीडिया प्रभारी मनोज अवस्थी के साथ ही मदन बर्तवाल, मीनाक्षी कीर्ति, त्रतिकारी कौर, मोहन सिंह रावत, महिपाल सिंह शामिल हुए, बैठक क संचालन प्रांतीय महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने किया।

## चरस के साथ युवक गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने एक किलो चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ में नशा तस्करों के बारे में कई सुराग मिले हैं। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ड्रग्स के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में शनिवार को टीम ने मुनिकीरेती ऋषिकेश से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी में 1020 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान प्रकाश ठाकुर पुत्र रत्न ठाकुर निवासी उर्गम चमोली के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वो चरस उर्गम से अलग–अलग लोगों से इकट्ठा कर लाया था। पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स पैडलरों के नामों की जानकारी हुई है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लैब टेक्नीशियन भर्ती का प्रस्ताव जल्द तैयार होगा

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य के अस्पतालों में खाली चल रहे लैब टेक्नीशियन के पदों को भरने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग इन पदों को वर्षवार मैरिट से भरेगा। शनिवार को डिग्रीधारी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संघ के प्रतिनिधि मंडल ने यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने टैक्नीशियन भर्ती वरिष्ठता से करने की घोषणा का स्वागत करते हुए मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब सरकार जल्द इस भर्ती की प्रक्रिया को शुरू करे। बेरोजगार संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि आईपीएचएस मानकों के लिए अस्पतालों में 977 पद खाली हैं। ऐसे में जल्द इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने इस संदर्भ में प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभाग में खाली चल रहे सभी पदों को भरा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री से मिलने वालों में संघ के अध्यक्ष आशीष खाली, महासचिव मयंक राणा, उपाध्यक्ष रणवीर बिष्ट, आशुतोष मलासी, प्रदीप रावत, धनबीर बगियाल, कमलेश, राजमोहन सहित अनेक बेरोजगार मौजूद रहे।

### जिला पंचायत ने मनरेगा की 16 हजार योजनाओं को दी मंजूरी

देहरादून। जिला पंचायत देहरादून ने मनरेगा के तहत 16 हजार से ज्यादा कार्यों को मंजूरी दी है। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में इसके लिए 43,942 लाख रुपये के बजट का भी अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत की आम बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमानित बजट का प्रस्ताव रखा गया। सदस्यों ने ध्वनिमत से 45.46 करोड़ का बजट पारित किया। बैठक में मनरेगा के तहत प्रस्तावित योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें जिला पंचायत की ओर से 16 हजार से अधिक योजनाओं का अगले वित्तीय वर्ष के लिए शामिल किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने सदन में रखी जाने वाली जनहित की समस्याओं पर विभागों की ओर से ध्यान नहीं दिए जाने पर गंभीर नाराजगी जताई। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने विभागीय अधिकारियों को नसीहत देने के साथ ही समस्याओं के समाधान निर्देश दिए। बैठक में कालसी, डोईवाला के क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के साथ ही अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अभियंता जिला पंचायत, वित्तीय परामर्शदाता के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## जरुरतमंदो को गर्म कपडे बाटे

रुड़की। रामपुर नगर पंचायत में सपा कार्यकर्ताओं ने 40 जरूरतमंदों को रजाइयां बांटी। उन्होंने लोगों से गरीबों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। रामपुर नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अहमद जमा ने कहा कि कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कपड़ों का सहारा लेना पड़ता है। गरीबों को मदद कर हम उन्हें ठंड से बचा सकते हैं। जमाल अहमद ने बताया कि 40 लोगों को रजाइयां बांटी गई। कई और लोगों को भी जल्द रजाइयां दी जाएंगी। कार्यक्रम में रोमन, गुफरान, नौसाद, कलीम, बिलाल, शम्मी, सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी 15 को सचिवालय कूच करेंगे

देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने सफाई कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि ललित मोहन रयाल कमेटी की सिफारिशों को लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है। संघ ने 15 जनवरी को सचिवालय कूच करने की चेतावनी दी है। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की भी चेतावनी दी है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश प्रभारी विशाल बिरला ने बताया कि वर्ष 2021 में सरकार ने डॉ. ललित मोहन रयाल कमेटी गठित कर उसकी सिफारिशें लागू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक सिफारिशें नहीं लागू नहीं हो पाई। सफाई कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारी, समिति, संविदा, दैनिक मजदूर जैसी शोषणकारी व्यवस्था से निजात दिलाने के लिए समिति की सिफारिशें को लागू करने की मांग की है। सफाई कर्मियों को नियमित करने, मृतक आश्रितों की नियुक्ति में नियमों का शिथिलीकरण करने, पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि सिफारिशें लागू नहीं की जाती है तो 15 जनवरी को सचिवालय कूच किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील रजौरी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है,

# बैलगाड़ी, साइकिल से चाँद व सूर्य तक की विलक्षण विकास यात्रा : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारत की अद्भुत अंतरिक्ष उपलब्धियों व शानदार सफर को याद करते हुये कहा कि बैलगाड़ी व साइकिल से शुरू की भारत की यात्रा आज मंगल, चाँद और सूर्य तक पहुँच गई है जो वास्तव में गौरव का विषय है। इस अवसर पर स्वामी जी ने भारत में आधुनिक अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डा विक्रम साराभाई को याद करते हुये कहा आर्यभट्ट से चंद्रयान और आदित्य–एल 1 तक की भारत की अंतरिक्ष विकास यात्रा अद्भुत है। भारत ने चाँद पर तिरंगा लहराया, मंगलयान को मंगल की धरती पर उतारकर कीर्तिमान स्थापित किया, पीएसएलवी–सी 37 द्वारा एक साथ 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर विश्व रिकॉर्ड कायम किया, अब भारत के पास अपना नेवीगेशन सिस्टम भी है, भारत ने अंतरिक्ष में सैटेलाइट को मार गिराने की एक बड़ी उपलब्धि हासिल की



और भारत ने आदित्य–एल1 के माध्यम से सूर्य तक पहुँच बनायी। अभी तो यह शुरूआत है, यह तो भारत के सुनहरे भविष्य की नींव तैयार हो रही हैं। भारत का अंतरिक्ष मिशन आए दिन अपने ही बनाए रिकॉर्ड को तोड़ता हुआ अंतरिक्ष में एक नई इबारत लिखता जा रहा है।

1971 में राकेश शर्मा ने अपने विमान ह्मिग एअर क्रॉफ्टह्र से महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर दिखा दिया था कि कठिन परिस्थितियों में भी किस तरह अपने राष्ट्र के लिये शानदार कार्य किया जा सकता है। 1984 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और सोवियत संघ के इंटरकस्मिक कार्यक्रम के एक संयुक्त अंतरिक्ष अभियान के अंतर्गत राकेश शर्मा आठ दिन तक अंतरिक्ष में रहे। ये उस समय भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर और विमानचालक थे।

3 अप्रैल 1984 को दो अन्य सोवियत अंतरिक्षयात्रियों के साथ सोयूज टी–11 में राकेश शर्मा को लॉन्च किया गया। इस उड़ान में और साल्युत 7 अंतरिक्ष केंद्र में उन्होंने उत्तरी भारत की फोटोग्राफी की और गुरूत्वाकर्षण–हीन योगाभ्यास किया। वे अंतरिक्ष मे जाने वाले भारत के पहले ओर विश्व के 138वे व्यक्ति थे।

02 अप्रैल, 1984 का दिन ऐसा ऐतिहासिक दिन है, जब कोई भारतीय पहली बार अंतरिक्ष में जाने में सफल रहा। भारत के लिये इस अनुपम उपलब्धि को हासिल कराने का श्रेय विंग कमांडर राकेश शर्मा को जाता है। उनकी अन्तरिक्ष उड़ान के दौरान भारत की तत्कालिन प्रधानमंत्री ने राकेश शर्मा से पूछा कि अन्तरिक्ष से भारत कैसा दिखता है ? तब उन्होंने उत्तर दिया– ह्रसारे जहाँ से अच्छाह्र। अपने राष्ट्र के प्रति ऐसी अद्भुत निष्ठा थी। अशोक चक्र से सम्मानित विंग कमांडर राकेश शर्मा की राष्ट्र भक्ति व देश प्रेम को नमन।

## कोहरे से मिली राहत, खिली धूप

**कोटद्वार** : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे कोहरे से शनिवार को काफी राहत मिली। गुनगुनी धूप से आमजन को काफी राहत मिली।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पिछले कई दिनों से सर्दी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। कोहरे व शीतलहर ने आमजन को परेशान कर दिया था। इसी दौरान शनिवार को खिली धूप से आमजन को काफी राहत मिली। अधिकांश लोग घरों के बाहर बैठकर धूप का आनंद लेते हुए नजर आए।

## सुबह-शाम बदलते मौसम से आमजन परेशान

**श्रीनगर गढ़वाल** : शनिवार को श्रीनगर समेत आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही धुंध और बादल छाये रहे। जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नया साल जनवरी का दूसरे सप्ताह खत्म होने को है, लेकिन पहाड़ों में बर्फबारी नहीं हुई है जिसके चलते चुभने वाली ठंड लोगों को खासी परेशान कर रही है। साथ ही सुबह-शाम बदलता मौसम आमजन को प्रभावित कर रहा है। कोहरा लगने के कारण यातायात में भी दिक्कतें पैदा हो रही हैं। श्रीनगर-पौड़ी मोटर मार्ग पर सुबह से ही कोहरा छाया रहा जिसके कारण 30 से 40 मीटर के बाद दृश्यता कम रही और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम श्रीनगर द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कई जगह स्थानीय लोग अपने संसाधनों से ही अलाव जला कर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। निगम द्वारा बेघर लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व

**श्रीनगर गढ़वाल** : ऐंजिल्स हेवन स्कूल खंदूखाल में छात्र-छात्राओ ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों पेश किए। इस मौके पर विद्यालय की मुख्य अध्यापिका विभा भट्ट ने कृषि और प्रकृति को समर्पित लोहड़ी पर्व से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंजाब का यह प्रसिद्ध पर्व फसल कटने पर मनाया जाता है। समृद्धि और खुशियों का यह पर्व हमें मिलजुल कर रहने और खुशिया मनाने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर उन्होने लोहड़ी से संबंधित कहानी भी बच्चों को सुनाई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने राम मंदिर बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं के आयुष और कक्षा 6वीं की मौलिका प्रथम, कक्षा 6वीं के प्रदीप द्वितीय तथा कक्षा 8वीं के शिवम व कक्षा 7वीं के नितिन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आरपी भट्ट, गाइड गायत्री, शिक्षक इंदु, विवेक, शशि कला, ज्योति, वंदना आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## बैठक 28 को

**कोटद्वार** : गढ़वाल जीप टैक्सी समिति की बैठक 28 जनवरी को आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने बताया कि प्रबंधक समिति के पांच वर्ष पूर्व होने वाले हैं। जिसको देखते हुए बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे मोटरनगर स्थित समिति के कार्यालय में होगी। उन्होंने समस्या चालक व परिचालकों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की।

## मां धारी मंदिर में होगा विशेष अनुष्ठान

**श्रीनगर गढ़वाल** : मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर कलियासौड़ स्थित सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में अनुष्ठान आयोजित किया जायेगा। आद्य शक्ति मां धारी देवी पुजारी न्यास कलियासौड़ के प्रबंधक रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि पर्यटन विभाग पौड़ी और आद्य शक्ति मां धारी देवी पुजारी न्यास के संयुक्त तत्वाधान में 15 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में प्रातः 7 बजे आरती, मांगल गीत कार्यक्रम, अपराह्न 3 बजे स्थानीय गोला बाजार से उत्तरायणी कलश यात्रा, सायं 5 बजे से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम एवं आरती व सायं सात बजे प्रसाद वितरण के साथ अनुष्ठन सम्पन्न किया जायेगा। (एजेंसी)

# ड्रिम-11, टूलीव, बाउंड्री हंटर्स ने जीता मैच

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम तीन क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहले मुकाबले में ड्रीम-11 दूसरे में टूलीव व तीसरे में बाउंड्री हंटर्स विजेता रही।

पहले मुकाबले में ड्रीम-11 और केम्स क्रिकेट क्लब आपस में भिड़े। टॉस हारकर पहले बल्लबाजी करने उतरी केम्स की टीम निर्धारित 10 ओवरों में ऋषभ की 22 रनों की पारी की बदौलत 49 रन ही बना सकी। अंकित सिंह ने दो ओवर में 13 रन देकर चार विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ड्रिम-11 अंकित नेगी ने 12 गेंद में 45 रन मार मुकाबले को तीन ओवर में 10 विकेट शेष रहते ही समाप्त कर दिया। दिन के दूसरे मुकाबले में ऑलराउंडर सेवन और फिट टू लीव की टीम आपस में भिड़ी, जिसमें टॉस जीत फिट टू लीव ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑल राउंडर-7 की टीम उपकप्तान



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलड़ी व अन्य

विनय 26 गेंद में 77 रनों की पारी की बदौलत 157/4 बनाएं।

संजय ने दो ओवर में 20 रन देकर एक विकेट झटका। लक्ष्य का पीछा करते हुए फिट टू लीव की तरफ से आशीष राजपूत 13 पर 33 और दीपक गुसाईं 11 पर 29 की शानदार पारियों की बावजूद भी निर्धारित 10 ओवरों में 128 रन ही बना सके। कप्तान कुलदीप नेगी ने दो ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके और बल्ले से 7 गेंद मे 21 रन बनाएं। दिन का अंतिम मुकाबला बाउंटी हंटर्स बनाम कुख्शाल हार्डवेयर के बीच खेला गय, जिसमें टॉस हारकर बाउंटी हंटर्स ने पहले बल्लेबाजी कर 10 ओवर में 117 रनों का लक्ष्य दिया। इसके पश्चात शोएब (5 विकेट) और अन्ना (2 विकेट) की धमाकेदार गेंदबाजी की बदौलत कुख्शाल हार्डवेयर की पूरी टीम 6 ओवरों में 35 रन पर ऑल आउट कर दिया। मुख्य अतिथि शशि बाला केष्टवाल और सुरेश गुप्ता थे।

# ज्ञान भारती, राइजिंगसन, नवयुग और डेफोडिल स्कूल की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

### आईएचएमएस की ओर से आयोजित अंतरविद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में आयोजित अंतर विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की 18 टीमों ने वालीबॉल का रोमांच दिखाया।

शनिवार को बीईएल रोड स्थित संस्थान परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का संस्थान के एमडी बीएस नेगी और ईडी अजयराज नेगी ने शुभारंभ किया।

बालक वर्ग का उद्घाटन मैच डेफोडिल और महर्षि विद्यामंदिर के बीच खेला गया। जिसमें डेफोडिल ने मैच अपने नाम किया। इसके बाद आयोजित लीग मैच में नवयुग-



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

ए ने शांतिबल्लभ को हराया, ज्ञान भारती स्कूल ने बलूनी क्लासेज को, राइजिंगसन-ए ने एमकेवीएन को, राइजिंगसन-बी ने पृथ्वी विद्या मंदिर और राइजिंगसन ने बालभारती को हराया।

क्वाटर फाइनल मैच में नवयुग-बी ने शांतिबल्लभ को, ज्ञान भारती ने टीसीजी को, राइजिंगसन-ए ने नवयुग-बी को और डेफोडिल-ए ने राइजिंनसन-बी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में प्रांजल रावत, अभिषेक घिल्डियाल, संतोश ध्यानी, आकाश बिष्ट, सतेंद्र रावत ने रेफरी की भूमिका निभाई, अंश, आकाश लाइनमैन रहे।

मैच का आंखों देखा हाल विवेक सैनी और मनमोहन नेगी ने सुनाया। इस अवसर पर संस्थान के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित करने की मांग

**कोटद्वार** : राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित करने की मांग की है। कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। इस संबंध में संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद अपर शिक्षा निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया गया। पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि एससीईआरटी द्वारा इसी महीने से शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जबकि 15 जनवरी से बोर्ड परीक्षाओं के तहत छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं एवं फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से लिखित परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित हो चुका है। कहा कि अधिकांश शिक्षक प्रयोगात्मक परीक्षाओं को संपादित करने में व्यस्त रहेंगे। उक्त परिस्थितियों के मध्य नजर शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण कराना छात्र हित में नहीं है। मौके पर राजकीय विद्यालयों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य पदों पर शत प्रतिशत शिक्षकों की पदोन्नति करने की मांग भी की गई। बैठक में जिला मंत्री विजेंद्र सिंह बिष्ट, संजय रावत, डबल सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह रावत, हरीश जोशी, रविंद्र रावत, गजेंद्र सिंह, परितोष, सुरेंद्र रावत, अमित बलूनी, आशीष खर्कवाल और रतन बिष्ट सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

## दुधारखाल क्षेत्र में छः माह से पानी की सप्लाई बंद

**पौड़ी** : दुधारखाल क्षेत्र में 6 महीनें से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही हैं। जिससे सात से आठ परिवार सहित पुलिस चौकी में पेयजल सप्लाई पूरी तरह बंद है। मल्ला बदलपुर विकास समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि मनोहर लाल खंतवाल का परिवार भी इस समस्या से जूझ रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।

मनोजर लाल खंतवाल ने बताया कि उनके यहां 6 महीने से पानी की सप्लाई बंद है। इस बारे में उन्होंने जल संस्थान के सहायक से लेकर अधिशासी अभियंता को मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बताया कि लघु ग्रामीण एवं मोली पेयजल योजना के तहत क्षेत्र के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाई गई है। बावजूद इसके 6 से 7 परिवारों के यहां पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। वहीं, जल संस्थान कोटद्वार डिवीजन के अभियंता अभिषेक वर्मा का कहना है कि पेयजल आपूर्ति का कारण पाइप लाइनों पर ग्रामीणों की छेड़छाड़ व कई घरों में जबरन सप्लाई करवाया जाना है। समाधान के लिए गुजरखण्ड पेयजल योजना से इस क्षेत्र को जोड़ा जाएगा जो कि मार्च तक होने की संभावना है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ एनएसएस शिविर

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : एकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की ओर से आयोजित एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समापन समारोह का शुभारम्भ प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिविर में मिलने वाली जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। एन.एस.एस. के सहायक प्रभारी प्रकाश चन्द्र कैंथोला ने बताया कि विशेष शिविर के दौरान स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व रंग रोगन करने के साथ ही ग्राम पालकोट व मरड़ा के सम्पर्क मार्गों की झाड़ियों को काटकर सफाई कार्य किया।



आयोजित एनएसएस शिविर में भाग लेते स्वयं सेवी

साथ ही ग्राम धरासू के शिव मन्दिर के साथ ही चन्द्रबदनी देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पालीथीन, प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्रित करके उसका उन्मूलन किया। तत्पश्चात शिविरार्थी स्वयं सेवियों ने दीप मंत्र, सरस्वती वन्दना, गढ़वाली लोकगीत व लोकनृत्य, लक्ष्य गीत की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर शिक्षक नीरज रमोला, कार्यालय सहायक धर्मेन्द्र रावत, मनवर चौहान, प्रेम सिंह, जयेन्द्र सिंह, नरेन्द्र राणा, सतेन्द्र रावत और यशपाल रमोला सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## काशीपुर में श्रीराम के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

**काशीपुर(सं)।** मानपुर रोड स्थित राजपुरम मंदिर समिति की ओर से शनिवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर का मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। बैंडबाजों व श्रीराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा मानपुर रोड से शुरू हुई। इसके बाद स्टेडियम तिराहा, रामनगर रोड, चीमा चौराहा, कटोराताल, श्रीनागनाथ मंदिर व प्रभु विहार कॉलोनी होकर मानपुर रोड मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में झांकियों के साथ अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की आकृति आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान श्रद्धालु बैंडबाजे के साथ श्रीराम के भजनों पर झूमते-नाचते और जयघोष करते चल रहे थे। शोभायात्रा के मार्गों पर श्रद्धालुओं ने जलपान की व्यवस्था की थी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यहां यात्रा संयोजक एडवोकेट विपिन कुमार, मनोज पंत, सुरेंद्र सिंह जीना, योगेश जोशी, आरसी त्रिपाठी, कमल पांडेय, महिपाल सिंह गुंसाई, अमित मित्तल, डॉ.यशपाल रावत, अनुज प्रजापति, कपिल ठाकुर, योगेश ठाकुर, केशव ठाकुर, विकास शर्मा आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

**अल्मोड़ा(सं)।** राष्ट्रीय सेवा योजना एसएसजे परिसर अल्मोड़ा का गांधी इंटर कॉलेज पनुवानौला में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिवस के अंतर्गत समापन सत्र का आयोजन किया गया। इसके तहत वरिष्ठ स्वयमसेवियों द्वारा सात दिवसों की आख्या प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विशेष प्रदर्शन करने वाले शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी का पुरस्कार पंकज सिंह पाना तथा मीनाक्षी आर्या को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।अंत में समस्त स्वयंसेवियो को कार्यक्रम अधिकारी डॉ डी एस धामी द्वारा संबोधित किया गया। समापन में डॉ रविंद्र नाथ पाठक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ शिविर का विधिवत समापन किया गया।

## अल्मोड़ा एसएसपी ने कई उपनिरीक्षकों के तबादले किये

**अल्मोड़ा(सं)।** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने जिले के थानों और चौकी में लंबे समय से तैनात कई उपनिरीक्षकों के तबादले किये हैं। ट्रांसफर हुए उपनिरीक्षकों को तत्काल नये स्थान पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार देर शाम पुलिस दारोगाओं की तबादला सूची जारी की गई है। जिसमें प्रभारी चौकी एनटीडी बिशन लाल को चौकी से हटाकर कोतवाली रानीखेत भेजा गया है। जैंती चौकी प्रभारी सुनील कुमार को प्रभारी चौकी भौनखाल बनाया गया है।

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए विधानसभा प्रभारी

**अल्मोड़ा(सं)।** लोक सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश नेतृत्व ने जिले में विधानसभा वार प्रभारी नियुक्त कर दिये हैं। एआईसीसी एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश लिलोथीया ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस नेता कमल पंत को कांग्रेस हाईकमान ने लोक सभा चुनाव के लिए अल्मोड़ा विस क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा सोमेश्वर से बबलू अलमियां, द्वाराहाट से मनीष सिंह, सल्ट से किशोरी लाल, रानीखेत से कुलदीप सिंह, जागेश्वर रमेश बिष्ट को प्रभारी बनाया गया है। सभी नियुक्त प्रभारियों ने प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस हाई कमान का आभार जताया है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कृष्ण सिंह बिष्ट, राजेंद्र बाराकोटी, कुंदन सिंह भंडारी, शिवराज नयाल, रमेश भाकुनी, गोपाल सिंह खोलिया, किशोर नयाल, बालम भाकुनी, राजू भट्ट, सुरेश बोरा, भुवन दोसाद, प्रकाश बिष्ट, रिंकू बोरा, प्रकाश खाती, लक्ष्मण सिंह मेहरा, भीम सिंह, महेश पांडे, संतोष कुमार, महेश नेगी, श्याम सिंह दोसाद, हरीश जोशी, चंद्र शेखर लोहनी, नंदन नगरकोटी आदि ने हार्दिक बधाई दी है।

# मवाकोट में गेद मेले का हुआ श्रीगणेश

## उपजिलाधिकारी सोहन सिंह नैनी ने किया शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत मवाकोट में होने वाले गेंद मेले का शनिवार को शुभारंभ हो गया है। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक एवं पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसलिए मेले को भव्य ढंग से आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व विभिन्न महिला मंगल दल पारंपरिक वेशभूषा में नवयुग पब्लिक स्कूल के बैंड के साथ गेंद को मंच पर लाये। उत्तरायण के दिन विभिन्न ग्रामों की टीम द्वारा गेंद खेला जाता है।

इस दौरान आयोजित बालिका बालीबाल के अंतर्गत वारियर टीम और नवयुग पब्लिक स्कूल के मैच में वॉरियर टीम विजेता रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष गेंद मेला समिति कुलदीप रावत, नवीन केष्टवाल, शशिबाला केष्टवाल, हर्षवर्धन बिंजोला, विवेक भारती, महेंद्र सिंह बिष्ट, मनोज सिंह, भवानी दत्त जोशी, राजेश नेगी, अनूप सिंह नेगी, प्रमोद और शशिकांत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



मवाकोट में गेंद मेले का शुभारंभ करते उपजिलाधिकारी व अन्य

# मनवर सिंह आर्य का निधन

**कोटद्वार :** शैलशिल्पी विकास संगठन के संरक्षक व पूर्व प्रधानाध्यापक मनवर सिंह आर्य का 79 वर्ष में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

मूल रूप ग्राम गिवली पट्टी पिंगला पाखा, पोखड़ा ब्लॉक निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मनवर सिंह आर्य दशकों से कोटद्वार के पदमपुर सुखरों में अपने परिवार सहित रहते थे। सेवानिवृत होने के बाद व सक्रिय रूप से सामाजिक गतिविधियों में शामिल रहते थे। आर्य ने एक बेहतरीन वक्ता के साथ ही मिलनसार व्यक्ति के रूप में समाज में अपनी जगह बनाई थी। शुक्रवार देर शाम अचानक उनके सीने में दर्द हुवा तो परिजन तत्काल उन्हें उपचार हेतु कोटद्वार बेस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें देहरादून हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। लेकिन देहरादून जाते हुए हरिद्वार में ही लगभग 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार को हरिद्वार स्थित चंडीघाट में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में उनके तीनों पुत्रों ने उन्हें मुखाग्नि दी। शैलशिल्पी विकास संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा की संगठन के संरक्षक मनवर सिंह आर्य की कमी संगठन को हमेशा खलती रहेगी। उनके निधन से शिल्पकार समाज ने अपना एक मजबूत विचारक खो दिया है। अंत्येष्टि संस्कार में संगठन की ओर से प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती, सेवानिवृत रेंजर केशी राम निराला, जयदेव सिंह मानव, शिवकुमार, अनूप कुमार पाठक, अनिल कुमार, सेवानिवृत डीएफओ धीरजधर बछुवान, देवेंद्र कुमार, संजीव संकल्प, सुरवीर खेतवाल, प्रभु दयाल आदि लोग शामिल हुए।


मनवर सिंह आर्य

# कांग्रेस की पौड़ी जिला कार्यकारिणी घोषित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिला कांग्रेस कमेटी पौड़ी की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी की संस्तुति के बाद जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने जिला कार्यकारिणी में 16 जिला उपाध्यक्ष, 20 जिला महामंत्री, 23 जिला सचिव सहित 84 पदाधिकारियों की जिला कार्यकारिणी घोषित की है।

कांग्रेस के सांगठनिक जिले पौड़ी में श्रीनगर, पौड़ी व चौबट्टाखाल विधान सभाएं हैं। इनमें 3 शहर कांग्रेस कमेटी और 11 ब्लाक कमेटियां शामिल हैं। जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने बताया कि गिरीश चंद्र बड़थ्वाल, संजय डबराल, विनोद रावत, कर्मवीर भंडारी व वीरेंद्र रावत को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, कैलाश बिष्ट, युद्धवीर सिंह रावत, चतर सिंह रावत, विनोद बिष्ट, शशिकांत चमोली, विजय नेगी, प्रताप सिंह, जितेंद्र नेगी, भूप सिंह, राजवीर रावत, मेहबान सिंह थपलियाल को जिला उपाध्यक्ष, सुधीर रावत व परवेज अहमद को जिला महामंत्री संगठन, वीर प्रताप सिंह आर्य, शरत रावत, संजय कठैत, दिनेश कोहली, मुकेश बिष्ट, धर्म सिंह, अनिल डेविड, सुधांशु नौडियाल, अनूप कंडारी, जितेंद्र बिष्ट, भूपेंद्र सिंह, मनोज नौटियाल, अमरदीप सिंह, पंकज पोखरियाल, वासुदेव गुसांई, विजय सिंह, संजय सिंह, नंद किशोर को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सचिन, हनुमंत सिंह, शिव कुमार, बलदेव सिंह, भीम सिंह, अजय रावत, मनोधर खुगशाल, लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र सिंह, महावीर सिंह, भाग चंद्र आर्य, गब्बर कंडारी, हर्षवर्द्धन सिंह, कैलाश चंद्र, सुधीर कुमार, मोहन सिंह, संदीप गुसाईं, सतपाल सिंह, चंद्रमोहन सिंह, पूर्ण जेरवाण, विजेंद्र सिंह, चंद्र सिंह नेगी, मनोज सिंह को सचिव बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष का दायित्व शिव प्रसाद रतूड़ी, जिला प्रवक्ता अद्वैत बहुगुणा व जगमोहन सिंह रावत सहित 22 आमंत्रित सदस्य को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

# हेमा करासी के गीतों पर दशक जमकर झूमे दर्शक

**श्रीनगर गढ़वाल :** अमर शहीद नागेंद्र सकलानी एवं मोलू भरदारी स्मृति विकास मेले के तीसरे दिन लोक गायिका हेमा नेगी करासी के गीतों ने समा बांधा। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने जागर व लोकगीतों का लुफ्त उठाया। रामलीला मैदान कीर्तिनगर में नगर पंचायत कीर्तिनगर के सौजन्य से हो रहे शहीदी मेले के अंतिम दिन पहुंचे सैकड़ों दर्शक पांडाल में जमकर झूम उठे। कार्यक्रम की शुरूआत लोक गायिका हेमा नेगी करासी ने मां भगवती नंदा के गीत के साथ की। इसके बाद मेरा बाबा नर्सिंग.., बिरजू तेरी मखमली माया.., सोबनू.., सुमन न वे तू नाराज.. आदि गीतों की प्रस्तुति देकर पांडाल में श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।

कीर्तिनगर में अमर शहीद नागेंद्र सकलानी एवं मोलू भरदारी स्मृति विकास मेले के अंतिम दिन स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। स्कूली छात्र-छात्राओं रंगारंग प्रस्तुतियां देकर मेले में समा बांधा। मेले के अंतिम दिन सीनियर वर्ग की लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में कल्पनाथ की टीम ने प्रथम, तुंगनाथ की टीम ने द्वितीय और केदारनाथ की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेले में प्रतिभाग करने वाले स्टॉलों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (महिला स्वयं सहायता समूह) ने प्रथम, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने द्वितीय और चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पहले मेले का शुभारंभ देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों से कंदराओं में छुपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। जिससे वह प्रतिभा को निखार कर राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फलक तक अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए प्रशंसा भी की। इस मौके पर मेला आयोजक एवं उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर सोनिया पंत, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाशी जाखी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयराम गोदियाल, भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, मंडल अध्यक्ष प्रमेंद्र पंवार, आशा पैन्यूली, मीनाक्षी पुण्डीर सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# स्वयं सेवियों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाढ़

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी :** नेहरू युवा केंद्र पौड़ी द्वारा जहां राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं पौड़ी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। मुख्य अतिथि राइंका जगतेश्वर के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह नेगी ने युवाओं को अपनी लोक संस्कृति के बचाव हेतु ऐसी विधाओं में प्रतिभाग करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि बुरांशी के ग्राम प्रधान मनवर सिंह ने युवाओं से निरन्तर समर्पित रहने का आह्वान किया।

पौड़ी में शनिवार को एसएचओ गोविंद कुमार द्वारा नेहरू युवा केंद्र व बीजीआर कैंपस के एनएसएस के स्वंय सेवियों को यातायात नियमों का प्रशिक्षण देने के साथ ही शहर के व्यस्ततम चौराहों ट्रैफिक पुलिस के साथ अपनी निगरानी में ड्यूटी पर लगाया। स्वयं सेवियों ने पूर्ण उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। वहीं, पाबौ ब्लाक के राइंका जगतेश्वर में लोकगीत, लोकनृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में युवा मण्डल घुलेत, सकन्याणा, बुरांशी, सैंजी, भरसार, चपलोड़ी आदि युवा मंडलों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अंजना बिष्ट, कविता पंवार, अमित बर्थवाल, अमन नयाल, सौमिल नांरग, सानिया रहमानी, महक सलमानी, आयुष कुमार, स्नेहा रावत आदि शामिल रहे।




# बकाया गन्ना भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर नाराज किसान जीएम से मिले

**काशीपुर(सं)।** गन्ने का भुगतान करने समेत कई मांगों को लेकर किसानों ने शनिवार को सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह से मुलाकात की। उन्होंने मिल चलाने में आ रही दिक्कतों को दूर कर संचालन सुचारू करवाने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में शनिवार को कुछ किसान चीनी मिल के प्रशासनिक भवन पहुंचे और वहां मौजूद प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह के समक्ष अपनी मांगें रखीं। किसानों ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद चीनी मिल में बार-बार ब्रेकडाउन हो रहा है, जिससे गन्ना पेराई का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने गन्ने के दाम बढ़ाने, समय से भुगतान करने और मिल का संचालन सुचारू रूप से करवाने की मांग की है। मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने बताया कि चीनी मिल में बेहतर मरम्मत कार्य हुआ है। ब्वॉयलर व नई मशीनें लगी हैं, सब कुछ कंप्यूटराइज किया गया है। बहरहाल, मिल का संचालन बिना किसी व्यवधान के सुचारु रूप से हो रहा है।

# क्यों चीन, भारतीय सेना को लद्दाख में 2000 वर्ग किमी क्षेत्र में जाने से रोक रहा है?: जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने लद्दाख में भारत और चीन सीमा पर तनाव को लेकर 13 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 11 जनवरी को अपनी वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारा प्रयास 2020 के बीच से पहले जैसी स्थिति पर वापस जाने के लिए बातचीत (चीन के साथ) जारी रखने का है। बतौर जयराम, उनकी यह टिप्पणी याद दिलाती है कि घुसपैठ के लगभग चार साल बाद भी चीन के सैनिकों को लद्दाख में 2000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने से रोक रहे हैं। उन्होंने कहा, राजौरी पुंछ में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। सीमा पार से राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवादी ढांचे को समर्थन जारी है जयराम रमेश ने कहा, इससे साफ होता है कि सीमा पार से आतंकवाद का खतरा बरकरार है। नोटबंदी या जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म कर आतंकवाद को खत्म करने का दावा, पूरी तरह से गलत साबित हुआ है। पांच अगस्त 2019 के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमलों में 160 से अधिक जवान मारे गए हैं। हमारे जवानों पर हाल ही में 12 जनवरी को पुंछ में हमला हुआ है। सौभाग्य की बात यह है कि इस बार कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ है जयराम रमेश के मुताबिक, प्रधानमंत्री द्वारा 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट, जब उन्होंने कहा था कि न कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है, हमारे शहीद जवानों का अपमान था। उस क्लीन चिट की वजह से ही 18 दौर की वार्ता के बावजूद 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीन का नियंत्रण जारी है। लेह के पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत एक पेपर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत अब 65 पेट्रोलिंग प्वाइंट्स में से 26 तक नहीं जा सकता है। ये वे पेट्रोलिंग प्वाइंट्स हैं, जहां भारतीय सेना 2020 से पहले तक बिना किसी रोक टोक के पेट्रोलिंग करती थी। आज रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देपसांग और डेमचोक जैसे क्षेत्र भी भारतीय सैनिकों की पहुंच से दूर हैं।

जयराम रमेश ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति मोदी सरकार का संवेदनहीन रवैया, जिसे वह केवल चुनावी लाभ के चश्मे से देखती है, पूर्व सेना प्रमुख एम नवरणे की पुस्तक में हुए खुलासे में भी सामने आया था।



## रामभक्तों को नहीं भटकने देगा बहुभाषीय संकेतक

**जयपुर ,(एजेंसी।** अयोध्या नगरी में भव्य राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सभी जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हर छोटी- बड़ी वस्तु, सामग्री व सुविधाओं पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है।

ऐसे में विश्व के विभिन्न हिस्सों से अयोध्या के मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए आने वाले देशी और विदेशी रामभक्तों को मंदिर परिसर तक पहुंचने में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अलग- अलग स्थानों पर बहुभाषीय संकेतक यानी साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

ये साइन बोर्ड ही उन्हें बताएगा कि किस ओर जाना है। इन साइन बोर्ड की सबसे खास बात ये ही है कि, इसे देखने वाला अपनी भाषा में ही इसे समझकर सही रास्ते को चुन सकेगा। उसे हर जगह रूककर रास्ते के संबंध में किसी से पूछने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे अनावश्यक यातायात भी बाधित नहीं होगा।

**इन भाषाओं में है संकेतक-** इनमें हिंदी, उर्दू, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला, बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत और सिंधी भाषा शामिल है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की छह भाषाओं में भी संकेतक लगाने का कार्य हो रहा है, उनमें अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं। इसके अलावा मंदिर की ओर जाने वाले उन रास्तों को भी चिन्हित किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के चलने के लिए भी सुविधाजनक हो। इसके लिए सभी तरह के वाहनों पर भी रोक लगाई जाएगी। ताकि ये पैदल पथ सुचारू ढंग से चल सके। इन सभी संकेतकों को 22 जनवरी के पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

## मौसम विभाग की चेतावनी: उत्तर भारत में 15 जनवरी तक भीषण शीत लहर

**नई दिल्ली ,(एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर भारत में 15 जनवरी तक भीषण शीत लहर की चेतावनी जारी करते हुए शनिवार को कहा कि नारनौल (हरियाणा), आयानगर (दिल्ली) और कानपुर (पूर्वी उत्तर प्रदेश) में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।आईएमडी ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कुछ हिस्सों में 15 जनवरी तक शीत लहर से गंभीर शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है और 16 जनवरी को अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। अपने दैनिक बुलेटिन में, मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने यह भी भविष्यवाणी की है कि अगले 4-5 दिनों के दौरान उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति, जबकि उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में ठंडे दिन से लेकर गंभीर ठंडे दिन की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इसके बाद इसमे कमी आएगी।

## पहले जहर देकर पशुओं का करते थे कत्ल, फिर बड़े-बड़े होटलों और रेस्टोरेंटों से बेचते थे मीट

**मेरठ ,(एजेंसी।** अगर आप भी होटलों और ढाबों पर मीट खाने के शौकीन हैं तो यह खबर आपके लिए अहम है। खबर यह है कि यूपी पुलिस ने दो ऐसे लोगों को पकड़ा है जोकि पहले जानवरों को जहर देकर मारते थे फिर उनका मीट होटलों और रेस्टोरेंटों में बेचते थे।

आरोपियों के नाम सुमित निवासी मेरठ और शाकिब निवासी अमरोहा बताए हैं। आरोपी अधिकतर तौर पर उन होटलों व रेस्टोरेंटों पर मीट बेचते थे जोकि हाईवे पर स्थित हैं। कुल 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। अब आप ही अनुमान लगाइए जिस जानवर के शरीर में जहर होगा उसका मीट जो ग्राहक खाते होंगे उनके शरीर को कितना नुकसान हो रहा होगा। नंगली किठौर निवासी मुनकाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गांव में उसके घर में गुरुवार दोपहर दो युवक हैंडपंप पर हाथ धो रहे थे। वे बच्चों को देख चंपत हो गए। इसके करीब आधा घंटा बाद उनकी भैंस मर गई।

## राम मंदिर: हिंदू कर्मचारियों को 22 जनवरी को मिलेगी स्पेशल छुट्टी, इस सरकार ने किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम को लेकर पूरी दुनिया की निगाहें भारत की ओर लगी हैं। दुनियाभर में फैले हिंदू आस्था वाले लोग इस कार्यक्रम का जश्न मनाएंगे। इसी बीच मॉरीशस सरकार ने एक बड़ी घोषणा की है। मॉरीशस में 22 जनवरी को हिंदू आस्था वाले अधिकारियों को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी देने की घोषणा की है। इस दौरान वह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने शुक्रवार को एक अधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे से दो घंटे की विशेष छुट्टी देने पर सहमति जताई है। भारत में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर ये फैसला लिया गया है। हिंदू आस्था के सार्वजनिक अधिकारी 22 जनवरी को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी पर रहेंगे। बयान में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि यह ऐतिहासिल घटना है, क्योंकि यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतिक है।

# 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए बाजार में दीयों और मिट्टी की कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के मौके पर देशभर में दिवाली जैसा जश्न मनाया जाएगा। राम भक्तों ने अभी से ही श्रीराम की मूर्ति, फोटो लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। दीये खरीदने से लेकर साज-सजावट का सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार पहुंच रही है।

ऐसे में राम मंदिर को लेकर शहरों में मिट्टी के दीयों की डिमांड एकदम बढ़ गई है। दिवाली न होते हुए भी देशभर में दीयों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। शहरों में हालात ये हैं कि कारीगरों के लिए दीयों का ऑर्डर पूरा करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, बाजार में भी दीयों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। लेकिन फिर भी कारीगरों के लिए ऑर्डर पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। बाजार में जो मिट्टी का सामान्य दीया पहले एक या दो रुपये का मिलता था, वह अब सीधे पांच रुपये तक का मिल रहा है।

दिये बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि दीपावली पर दीये बनाने की तैयारी वह



करीब छह महीने पहले ही शुरू कर देते हैं। इस समय दीयों की मांग अचानक बढ़ गई है। बीते एक महीने से उन्हें ऑर्डर मिलने लगे हैं। इसके लिए वह तैयार नहीं थे। इसलिए मुश्किलें आ रही हैं। इस पर बिना धूप वाले मौसम ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दीये बिना धूप के सूख नहीं रहे हैं। इसके बावजूद 22 जनवरी की मांग को पूरा करने के लिए सभी कारीगर जुटे हुए हैं।

### दोगुने दाम पर भी मिलना मुश्किल

राजधानी दिल्ली में दीये बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि दिल्ली में मिट्टी से बने सामान बनाने के लिए हरियाणा के बहादुरगढ़ और झज्जर जिलों के खेतों से मिट्टी आती है। इसमें काली और पीली मिट्टी शामिल हैं।

अभी मिट्टी की कमी है। मिट्टी खेतों से निकलती है, जो मिट्टी निकली है, वह पहले ही बिक चुकी है। काली मिट्टी सबसे महंगी होती हैं क्योंकि यह तालाबों व जोहड़ों से निकाली जाती है। पहले चार से छह हजार रुपये प्रति ट्राली मिट्टी पड़ती है। अब यह मिट्टी दोगुने दामों पर भी नहीं मिल रही है। दीपावली पर करीब छह ट्राली मिट्टी के दीये बनाते हैं, लेकिन इस बार यदि दस ट्राली मिट्टी मिले, तो भी दीये कम पड़ जाएंगे।

# ईडी ने चौथी बार भेजा केजरीवाल को समन, शराब घोटाले मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में चौथी बार समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल को नयी दिल्ली में ईडी के मुख्यालय में बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें एजेंसी की ओर से तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर 2023 को एजेंसी के समक्ष हाजिर होने के लिये समन जारी किये गये थे। श्री केजरीवाल इन तीनों ही तिथियों पर बयान देने के लिये नहीं पहुंचे।

अरविंद केजरीवाल का नाम ईडी की ओर शराब घोटाला मामले में दाखिल आरोपपत्र में कई बार आया है। एजेंसी उन्हें



जांच के सिलसिले में बराबर तलब कर रही है। ईडी का कहना है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की तथाकथित गड़बड़ियों वाली शराब नीति तैयार करने में केजरीवाल भी संलिप्त थे। इस मामले के आपराधिक पक्ष की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो कर रहा है। दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर उप राज्यपाल ने आबकारी नीति का मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा है। इस मामले में अपराध की कमाई के शोधन के पहलू की जांच वित्त मंत्रालय के तहत आने वाली एजेंसी ईडी कर रही है।

इस मामले में दिल्ली के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री और वित्त एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया और आप के नेता एवं सांसद संजय सिंह न्यायिक हिरासत में जेल में है। आरोप है कि आबकारी नीति में कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाया गया और इससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। विवाद होने पर केजरीवाल सरकार ने इस नीति को वापस ले लिया था। आप सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिये 18 जनवरी से तीन दिवसीय गोवा दौरे पर रहेंगे।

## अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा में आने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में मिलेगी रामरज

**अयोध्या (एजेंसी।** अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हजारों वीआईपी गेस्ट्स को इनवाइट किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों के स्वागत की भी तैयारी की गई है और समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमानों को ट्रस्ट की ओर से उपहार भी दिए जाएंगे।तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों को 'रामरज' उपहार स्वरूप दी जाएगी। साथ ही उन्हें प्रसाद के रूप में देसी घी से बने विशेष मोतीचूर के लड्डू भी दिए जाएंगे। ट्रस्ट की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले मेहमानों को मंदिर की बुनियाद की खुदाई में निकाली गई ।

# एमईए: 'भारत की संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन', ब्रिटिश उच्चायुक्त के पीओके दौरे पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्लामाबाद में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया। इस पर शनिवार को भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि उसने इस मामले पर नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

एमईए ने एक बयान में कहा, "भारत ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में एक अधिकारी के साथ ब्रिटेन की उच्चायुक्त की अत्यधिक आपत्तिजनक यात्रा को गंभीरता से लिया है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के उल्लंघन को स्वीकार नहीं किया जा सकता।" मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव ने इस पर भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध जताया है। मंत्रालय ने आगे कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और हमेशा रहेंगे।

इसी तरह, पिछले साल अक्टूबर में इस्लामाबाद में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लूम ने भी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया था। तब भी नई दिल्ली ने वॉशिंगटन के सामने अपने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने का आग्रह किया था।

# अयोध्या पर कांग्रेस की दयनीय राजनीति

**इस बार कांग्रेस के पास एक मौका था कि वह भाजपा को चौंका देती। अगर कांग्रेस के नेता अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चले जाते तो भाजपा को अपना नैरेटिव बदलना पड़ता। वह फिर कांग्रेस को रामद्रोही बताने की बजाय कहती कि मजबूरी में या भाजपा के दबाव में कांग्रेस रामलला को स्वीकार कर रही है। इससे कांग्रेस को अगर कोई फायदा नहीं होता तो नुकसान भी नहीं होता। ध्यान रहे कांग्रेस को पिछले चुनाव में भाजपा को मिले 22 करोड़ वोट में से वोट नहीं तोडऩा है, बल्कि उसके अलावा जो 40 करोड़ से ज्यादा वोट भाजपा के खिलाफ गए थे उनको एकजुट करना है। भाजपा के खिलाफ पड़े वोट का बड़ा हिस्सा हिंदू मतदाताओं का ही है। उसमें कांग्रेस के प्रति अगर पहले से कोई दुराग्रह है तो वह रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा में जाने से खत्म होता या उसकी तीव्रता कम होती। इसके साथ ही कांग्रेस जो अपनी दुविधा के कारण गाहे—बगाहे इस बात का श्रेय लेती रहती है कि राजीव गांधी ने राममंदिर का ताला खुलवाया था वह खुल कर इस बात को कह सकती थी और राममंदिर के अभियान में अपनी भूमिका बता सकती थी। लेकिन कांग्रेस ने वह मौका गंवा दिया।**

**अजीत द्विवेदी**

व्यापक रूप से धर्म और खासतौर से अयोध्या पर कांग्रेस की दुविधा चिरंतन है। यह कभी खत्म नहीं होती है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और पीवी नरसिंह राव से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस की यह दुविधा कायम है और समय के साथ यह दुविधा कांग्रेस को लगातार कमजोर करती जा रही है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कांग्रेस की इस दुविधा ने भाजपा को मजबूत होने में सबसे ज्यादा मदद की है। भाजपा जब लोकसभा की दो सीटों के साथ सबसे कमजोर स्थिति में थी तभी दुविधा के शिकार राजीव गांधी ने अयोध्या में राममंदिर का ताला खुलवाया था। वे शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की ऐतिहासिक गलती कर चुके थे और उसकी भरपाई के लिए राम मंदिर का ताला खुलवाया था।

पर उसके बाद कांग्रेस को न माया मिली और न राम। अब राहुल गांधी की कमान वाली कांग्रेस ने फैसला किया है कि सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े और अधीर रंजन चौधरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को 'भाजपा और आरएसएस की राजनीतिक परियोजना' बताते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण को 'ससम्मान अस्वीकार' कर दिया है।

कांग्रेस को यह निमंत्रण दिसंबर में मिला था और इसे अस्वीकार करने का फैसला करने में उसने 20 दिन का समय लिया। जाहिर है कि किसी भी वैचारिक या राजनीतिक मसले पर फैसला लेने में इतना समय तभी लगता है, जब स्पष्टता न हो। कांग्रेस की वैचारिक अस्पष्टता कई और तरह से दिखी है। जैसे अक्टूबर में जब ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रधानमंत्री से मिले और उनको रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता दिया तब कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि 'न्योता सिर्फ एक पार्टी को क्यों दिया जा रहा है'। उन्होंने यह भी कहा था कि 'मंदिर किसी एक पार्टी का नहीं है'। उनके कहने का मतलब यह था कि कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को भी न्योता मिलना चाहिए। हो सकता है कि यह कांग्रेस की आधिकारिक राय न हो लेकिन खुर्शीद की बात का किसी ने विरोध नहीं किया।

इसके एक महीने बाद कांग्रेस को न्योता मिला तो वह 20 दिन तक फैसला रोके रही। अब जबकि फैसला आ गया है तो पार्टी के अंदर ही इस पर सवाल उठ रहे हैं। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अर्जुन मोडवाडिया ने कहा कि 'कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय से बचना चाहिए था'। हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि उन्होंने पार्टी आलाकमान को बता दिया है कि वे अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में जाएंगे।

कांग्रेस में अगर इस मसले पर वैचारिक स्पष्टता होती तो वह समय से पहले एक स्पष्ट रुख अख्तियार करती। कांग्रेस में अगर कोई भी दूरदृष्टि वाला



नेता होता तो उसको अंदाजा होता कि इस मामले में कांग्रेस के इतिहास को देखते हुए भाजपा उसे उलझाने की कोशिश करेगी। जो कैच 22 सिचुएशन 20 दिसंबर को न्योता मिलने पर बना उसे कांग्रेस के नेता उसी दिन भांप लेते, जिस दिन लोकसभा चुनाव से पहले 'अर्धनिर्मित मंदिर' के उद्घाटन की तारीख तय हुई। अगर उस दिन नहीं तो जिस दिन नरेंद्र मोदी को न्योता मिला उस दिन भांप जाना चाहिए था कि कांग्रेस को भी न्योता मिलेगा और उसी समय अपनी रणनीति तय कर लेनी चाहिए थी। अगर कांग्रेस उस दिन से यह नैरेटिव बनाती कि अधूरे मंदिर का उद्घाटन हो रहा है और यह शास्त्र सम्मत नहीं है या भाजपा इसका राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है तो हो सकता है कि वह समाज के बड़े तबके को यकीन दिलाने में कामयाब हो जाती। तब यह भी हो सकता था कि कांग्रेस को न्योता नहीं भेजा जाता और उसे ऐसी स्थिति में नहीं फंसना पड़ता। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस हर बार भाजपा के बिछाए जाल में फंस जाती है।

भाजपा और नरेंद्र मोदी के जाल में फंस कर ही राहुल गांधी कभी जनेउधारी ब्राह्मण बन जाते हैं तो कभी शिवभक्त बन जाते हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी कैमरे पर अपनी भक्ति करते हैं उसी तरह राहुल और प्रियंका की भक्ति भी कैमरे पर ही दिखती है। बहरहाल, कांग्रेस या तो जाल देख नहीं पाती है या उससे बचने के उपाय नहीं सोच पाती है। मैकियावेली ने शासक के गुण बताते हुए कहा था कि शासक को सिंह की तरह बहादुर होने के साथ साथ लोमड़ी की तरह चालाक होना चाहिए ताकि वह शिकारी द्वारा बिछाए गए जाल को देख या समझ ले। सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति के अंदर यह गुण होना अनिवार्य है।

बहरहाल, कांग्रेस ने पहले रणनीति नहीं तय की और न नैरेटिव को अपने हिसाब से दिशा देने की कोई पहल की। जब पूरे देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का माहौल बन गया और मीडिया में 24 घंटे इस मुद्दे की चर्चा होने लगी तब जाकर कांग्रेस ने न्योता नामंजूर किया। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा का यह नैरेटिव स्थापित हो गया कि कांग्रेस हमेशा राम की विरोधी रही है और सबको पहले से पता था कि कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। इस बात को लोग तुरंत इसलिए स्वीकार कर लेंगे क्योंकि सोनिया व राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा में से कोई भी आज तक अयोध्या में रामलला के दर्शन करने नहीं गया है। राहुल और प्रियंका तो पिछले चुनाव में अयोध्या और फैजाबाद तक गए लेकिन रामलला के दर्शन करने नहीं गए। भाजपा को यह इतिहास पता था इसलिए उसने कांग्रेस को ऐसी स्थिति में डाला, जहां से कांग्रेस अपना कुछ नुकसान करके ही निकल पाती।

इस बार कांग्रेस के पास एक मौका था कि वह भाजपा को चौंका देती। अगर कांग्रेस के नेता अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चले जाते तो भाजपा को अपना नैरेटिव बदलना पड़ता। वह फिर कांग्रेस को रामद्रोही बताने की बजाय कहती कि मजबूरी में या भाजपा के दबाव में कांग्रेस रामलला को स्वीकार कर रही है। इससे कांग्रेस को अगर कोई फायदा नहीं होता तो नुकसान भी नहीं होता। ध्यान रहे कांग्रेस को पिछले चुनाव में भाजपा को मिले 22 करोड़ वोट में से वोट नहीं तोडऩा है, बल्कि उसके अलावा जो 40 करोड़ से ज्यादा वोट भाजपा के खिलाफ गए थे उनको एकजुट करना है। भाजपा के खिलाफ पड़े वोट का बड़ा हिस्सा हिंदू मतदाताओं का ही है। उसमें कांग्रेस के प्रति अगर पहले से कोई दुराग्रह है तो वह रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा में जाने से खत्म होता या उसकी तीव्रता कम होती। इसके साथ ही कांग्रेस जो अपनी दुविधा के कारण गाहे–बगाहे इस बात का श्रेय लेती रहती है कि राजीव गांधी ने राममंदिर का ताला खुलवाया था वह खुल कर इस बात को कह सकती थी और राममंदिर के अभियान में अपनी भूमिका बता सकती थी। लेकिन कांग्रेस ने वह मौका गंवा दिया। कांग्रेस ने निमंत्रण अस्वीकार करने के दो कारण बताए हैं। पहला 'अर्धनिर्मित मंदिर' और दूसरा 'भाजपा और संघ की राजनीतिक परियोजना'। ये दोनों बातें कांग्रेस ने देश के सबसे श्रेष्ठ हिंदू धर्माचार्यों की टिप्पणियों से लिए हैं।

गौरतलब है कि चारों शंकराचार्य इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं। उनका कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा धर्मसम्मत तरीके से नहीं हो रही है। लेकिन सवाल है कि जब कांग्रेस खुद ही इसे राजनीतिक प्रोजेक्ट बता रही है तो उसमें धर्मसम्मत चीजें खोजने की क्या जरुरत है? दूसरे, क्या कांग्रेस नेता खुल कर यह बात कहेंगे कि शंकराचार्य नहीं जा रहे हैं इसलिए कांग्रेस भी नहीं जा रही है या कांग्रेस शंकराचार्यों की सारी बातें मानती है? असल में यह सुविधा का सिद्धांत है, हिप्पोक्रेसी है। जब हिंदू धर्म के धर्माचार्य सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करते हैं तब कांग्रेस और देश की सेकुलर जमात सुप्रीम कोर्ट के साथ खड़ी होती है और जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मंदिर बनता है तो उसमें धर्मसम्मत होने का मुद्दा उठा कर शंकराचार्यों के साथ खड़े हो जाते हैं। तभी कांग्रेस की इस मामले में बहुत दयनीय राजनीति दिख रही है।

# विश्वास का सवाल है

प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है? यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है।

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने वही फैसला दिया, जिसका शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से पहले से अनुमान लगाया जा रहा था। इस गुट ने एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट जाने का इरादा जता दिया था। फैसला आने के बाद पार्टी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और एलान किया कि वह इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। जाहिर है, इस गुट को स्पीकर राहुल नार्वेकर की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं था। ठीक ऐसी ही धारणा कई और हलकों में थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नार्वेकर ने अपना फैसला जिस आधार पर दिया, उससे इन हलकों में पहले से मौजूद संदेह को दूर करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। नार्वेकर ने शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे गुट में जारी विवाद पर फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 जून 2022 को शिवसेना में फूट पड़ गई। उस समय उद्धव ठाकरे गुट के सचेतक सुनील प्रभु ने व्हिप जारी किया था। लेकिन नार्वेकर ने कहा कि जब उन्होंने यह कदम उठाया, तब वे सचेतक नहीं रह गए थे।

नार्वेकर ने ये फ़ैसला शिवसेना पार्टी के 1999 के संविधान के आधार पर दिया है। जबकि उद्धव ठाकरे गुट ने अपना 2018 का संविधान नार्वेकर को सामने पेश किया था।

**फैसला आने के बाद पार्टी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और एलान किया कि वह इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। जाहिर है, इस गुट को स्पीकर राहुल नार्वेकर की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं था। ठीक ऐसी ही धारणा कई और हलकों में थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नार्वेकर ने अपना फैसला जिस आधार पर दिया, उससे इन हलकों में पहले से मौजूद संदेह को दूर करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। नार्वेकर ने शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे गुट में जारी विवाद पर फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना मानी जाएगी।**

उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक 1999 के संविधान में प्रावधान है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शिवसेना का नेतृत्व करेंगे, जबकि 2018 में कहा गया कि पार्टी प्रमुख का फ़ैसला ही पार्टी का फ़ैसला होगा। लेकिन प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है? यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है। जिस समय तमाम पद और संस्थाओं पर एकपक्षीय होने का संदेह गहराता जा रहा है, इस विवाद से यह माहौल और संगीन होगा। इस नतीजे से एकनाथ शिंदे गुट के 16 विधायकों को राहत मिली है। वहीं ठाकरे गुट को झटका लगा है और उद्धव ठाकरे ने तो अब सवाल उठा दिया है कि भारत में लोकतंत्र रहेगा कि नहीं?

# दक्षिण अफ्रीका का फिलीस्तीनियों का अकेला सच्चा हमदर्द?

**श्रुति व्यास,**

सामूहिक नरसंहार (जेनोसाइड) पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ पड़ा है। और संयोग जो इसकी 75वीं वर्षगाँठ के एक महीने बाद समझौते की सार्थकता, उसके व्यावहारिक इस्तेमाल की परीक्षा का मौका सामने आया है।अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के मुख्यालय हेग में इजराइल के गाजा पर हमलों पर सुनवाई शुरू हुई है। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व अदालत में इजराइल के खिलाफ नरसंहार का मुकदमा शुरू किया है। गुरूवार को दो दिनों तक चलने वाली सार्वजनिक सुनवाई शुरू हुई है।दक्षिण अफ्रीका पहला देश है जिसने आईसीजे में इजराइल के खिलाफ प्रकरण दायर किया है।प्रकरण में कहा गया है कि सात अक्टूबर को हमास के हमले में इजराइलियों के मारे जाने का बदला लेने के लिए इजराइल की हुई सैन्य कार्यवाही में उसने लोगों का सामूहिक नरसंहार किया है। इजराइल द्वारा गाजा में अंधाधुंध बमवर्षा की गयी और वहां पानी, भोजन सामग्री और दवाईयों की सप्लाई बलपूर्वक रोकी गयी।इजराइल की कार्यवाही में 7 अक्टूबर के बाद से अब तक 10,000 बच्चों सहित 23,000 से अधिक लोगमारे जा चुके हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने 84 पेजों में गाजा में बरती गई निर्दयता के विस्तृत साक्ष्य अदालत को दिए हैं और न्यायालय से कहा है कि वह अविलंब घोषणा करे कि इजराइल ने 7 अक्टूबर के बाद से अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत अपनी जिम्मेदारियों का उल्लंघन किया है।''ये सारी कारगुजारियां इजराइल की हैं, जो नरसंहार रोकने में विफल रहा और वह जेनोसाईड घोषणपत्र की पालना की बजाय उसका उल्लंघन कर नरसंहार कर रहा है,।

सवाल है भला दक्षिण अफ्रीका ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में गुहार क्यों लगाई? दरअसल दक्षिण अफ्रीका हमेशा से फिलिस्तीनियों से जुड़े मुद्दों में उनका समर्थन करता रहा है।दक्षिण अफ्रीका के सत्ताधारी दल अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के गाजा के लोगों, फिलिस्तीन और फिलिस्तीन के मुक्ति आंदोलनों से बहुत पुराने संबंध हैं।इसकी वजह यह है कि अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस स्वयं भी एक समय प्रतिबंधित संगठन था जिसने दक्षिण अफ्रीका की नस्लवादी–रंगभेदी सत्ता के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया था।उसे फिलिस्तीनियों की तकलीफों में अपने कष्ट नजर आते हैं।इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला पूर्व फिलिस्तीनी नेता यासेर अराफात के नजदीकी मित्र थे और उन्होंने अपने 1997 के भाषण में यह बहुचर्चित बात कही थी कि जबतक फिलिस्तीनी आजाद नहीं होते तब तक दक्षिण अफ्रीका की आजादी अधूरी रहेगी।दक्षिण अफ्रीका की मौजूदा पहल के पीछे यही नजरिया है।एक अन्य महत्वपूर्ण कारण यह है कि दक्षिण अफ्रीका में इस साल चुनाव होने हैं और इसलिए सत्ताधारी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा समर्थन जुटाना चाहती है।

इजराइल, जो 1948 के अंतर्राष्ट्रीय नरसंहार विरोधी समझौते का हस्ताक्षरकर्ता है, इन आरोपों को दृढ़ता से नकार रहा है।जब दिसंबर में यह प्रकरण दायर किया गया था तब इजराइल के राष्ट्रपति आईजेक हर्टजोग ने कहा था ''इस दावे से अधिक घटिया और बेतुका और कुछ नहीं हो सकता"। उन्होंने हमास के एजेंडे का जिक्र करते हुए कहा "वह यहूदियों के इकलौते देश इजराइल के सर्वनाश का आव्हान करना चाहता है" तेल अबीब के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए वाशिंगटन ने भी इन आरोपों को आधारहीन बताते हुए खारिज किया है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने के नाते अमेरिका सच्चाई को झुठलाने के लिए अपने वीटो का प्रयोग कर सकता है (और संभवतः करेगा भी)।लेकिन इससे न केवल इजराइल और अमेरिका दोनों की प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचेगा बल्कि विश्व राजनीति में उनका प्रभाव भी घटेगा।दक्षिण अफ्रीकान तो इस युद्ध में शामिल है और ना ही उसे इससे कोई सीधा नुकसान हो रहा है। मगर उसने फिर भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है। ऐसे मामले दुर्लभ ज़रूर हैं मगर ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

# संस्कृति की धरोहर हैं मेले, अगली पीढ़ी तक इन्हें पहुंचना हमारी जिम्मेदारी : बहुगुणा

**प्रभारी मंत्री ने बड़मां में प्रस्तावित सैनिक स्कूल का मामला उच्च स्तर पर उठाने का दिया आश्वासन**



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : क्षेत्रीय मेलों ने उत्तराखंड के विकास में हमेशा से ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं एवं अगली पीढ़ी तक इन्हें पहुंचना हमारी जिम्मेदारी यह बात पशुपालन व जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बड़मा पट्टी के दिगधार थाती में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम कृषि पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास महोत्सव में कही। महोत्सव के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी विरासत हैं और इनको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में प्रस्तावित सैनिक स्कूल पर चल रहे विवाद को उच्च स्तर पर उठाने का आश्वासन भी स्थानीय जनता को दिया। साथ ही उन्होंने सैनिक स्कूल के लिए प्रस्तावित भूमि पर वेटरनरी कॉलेज खोलने का सुझाव भी मंच से पेश किया। इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को सर्वे एवं प्रस्ताव तैयार कर पेश करने को कहा। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हो रहे भव्य मेलों के साथ में स्थानीय संस्कृति एवं भाषा का विकास भी होना जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को अपनी बोली एवं भाषा आने वाली पीढ़ियों को जरूर सिखाने की अपील भी की। उन्होंने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने एवं रिवर्स माइग्रेशन पर बात करते हुए कहा कि बड़मा क्षेत्र में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं नजर आती हैं स्थानीय लोगों को इस क्षेत्र में आवश्यक काम करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए अभिभावकों को बच्चों को नशे से दूर रखने पर विशेष जोर दिया। केदारनाथ विधायक का शैला रानी रावत ने पहली बार बड़मा पट्टी में आयोजित भव्य मेले की सराहना करते हुए मेला समिति को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। उन्होंने इस मेले को सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित न रखने एवं मेले के माध्यम से स्थानीय महिलाओं एवं आर्थिक के उत्थान के प्रयास करने की अपील भी की। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने महोत्सव में पहुंची मातृशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि मात्र शक्ति हमारे प्रदेश की रीढ़ है। महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जिला अध्यक्ष भाजपा महावीर पंवार ने 22 जनवरी को श्री राम भगवान को समर्पित कर दीपावली की भांति त्योहार मनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम से पहले में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने स्थानीय काश्तकारो एवं विभागीय स्टॉल इंस्टालो का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय महिलाओं, कलाकारों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर मेले की शोभा बढ़ाई। मेला समिति के अध्यक्ष विशम्भर रावत, संरक्षक वीरेंद्र बुटोला समेत अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मेला समिति के संयुक्त सचिव कालीचरण रावत, सचिव प्रदीप रावत व उमादत्त सेमवाल राही द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर क्षेपंस नीमा रौथाण, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा वाचस्पति सेमवाल, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, अरविंद भट्ट, दिनेश गौड़, तेरपन सिंह, उम्मेद सिंह रौथाण, मीना झिंक्वाण, अरविंद रौथाण, हयात सिंह राणा, लक्ष्मण सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत समेत बड़ी संख्या स्थानीय लोग मौजूद थे।

## डॉ. नौटियाल को मिला सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन ग्रीन आवार्ड

उत्तरकाशी : भटवाड़ी ब्लॉक के राइंका भंकोली में कार्यरत शिक्षक डॉ. शंभू प्रसाद नौटियाल को उनके द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण, जल साक्षरता एवं जैव विविधता कार्यों के लिए गुरुवार को उदयपुर राजस्थान में टॉप सस्टेनेबिलिटी चैम्पियंस ग्रीन अवार्ड से नवाजा गया। यह आवार्ड उनको स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक सोलर गांधी के नाम से सुप्रसिद्ध आईआईटी मुम्बई के प्रोफेसर डॉ. चेतन सिंह सोलंकी व प्रोग्रेसन ग्लोबल के सीईओ आशीष नंदन श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। राजस्थान उदयपुर में प्रोग्रेसन ग्लोबल की ओर से पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण, हरित बुनियादी ढांचा, जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन, ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों की बचत पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से पर्यावरण विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी ब्लॉक के दूरस्थ राइंका भंकोली में कार्यरत शिक्षक डा. शंभू प्रसाद नौटियाल को उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता व सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप जल साक्षरता व जैवविविधता संरक्षण में किये गये प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक साहित्य–कथाकार देवेन्द्र मेवाड़ी, शिक्षाविद डॉ. हर्षवन्ती बिष्ट, प्रोफेसर, एनवायरनमेंट कंजर्वेशन जर्नल के एडिटर इन चीफ प्रोफेसर डॉ. डीआर खन्ना, नौला फाउंडेशन के अध्यक्ष विशन सिंह बनेशी, मंजीरा देवी संस्थान के चेयरमैन डॉ. भगवन नौटियाल, पर्यावरण प्रेमी प्रताप सिंह पोखरियाल, सुभाष चन्द्र नौटियाल, नेशनल फारेस्ट स्टुडेंट मिशन के संस्थापक डॉ. किशोर चौहान, यूसर्क के वैज्ञानिक डॉ. भवतोष शर्मा, राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवंत असवाल सहित शिक्षकों ने उनको उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

## धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम के लिए अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

रुद्रप्रयाग : अयोध्या में श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई के साथ ही कई धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके के लिए 14 जनवरी (उत्तरायणी पर्व) से 22 जनवरी के यहां कई कार्यक्रम होंगे। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी है। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रमुख 7 धार्मिक स्थलों में स्वच्छता कार्यक्रम, दीप प्रज्वलित, संध्या भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोटेश्वर मंदिर में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार को नोडल तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड रुद्रप्रयाग खुशवंत सिंह चौहान को समन्वयक अधिकारी नामित किया गया है। जबकि कार्तिक स्वामी मंदिर में युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी नोडल, अधिशासी अभियंता पेयजल नवल कुमार समन्वयक अधिकारी बनाए गए हैं। संगम घाट रुद्रप्रयाग के लिए उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला नोडल, अधिशासी अभियंता लोनिवि इंद्रजीत बोस समन्वयक अधिकारी, त्रियुगीनारायण मंदिर के लिए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश को नोडल व अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ मनोज भट्ट को समन्वयक अधिकारी नामित किया गया है। ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा को नोडल, अधिशासी अभियंता सिंचाई केदारनाथ राजेश नौटियाल को समन्वयक अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध सिद्धपीठ कालीमठ मंदिर के लिए जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल नोडल तथा अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिछई समन्वयक अधिकारी व मक्कूमठ मंदिर के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नामित नोडल व समन्वयक अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया है। (एजेंसी)

### तीन पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : जनपद पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संबंधित व्यक्ति का वाहन सीज करने के साथ ही आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जनपद पुलिस का अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध निरन्तर धरपकड़ अभियान जारी है। इसी कड़ी में तल्लानागपुर क्षेत्र की चौकी दुर्गाधार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से तीन पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर संबंधित के विरुद्ध कोतवाली रुद्रप्रयाग में सुसंगत धाराओं में आबकारी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## रेलवे स्टेशन का नाम देवप्रयाग रखने की मांग

नई टिहरी : ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के तहत देवप्रयाग के निकट बनने वाले रेलवे स्टेशन का नाम सिराला रखे जाने का विरोध किया है। क्षेत्रवासियों के लोगों ने कहा कि रेलवे स्टेशन सिराला नाम का कोई औचित्य नहीं है। देवप्रयाग नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनता ने देवप्रयाग के निकट बन रहे रेलवे स्टेशन का नाम सिराला रखे जाने का विरोध करते हुये रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा है। पत्र में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बन रहे रेलवे स्टेशन का नाम देवप्रयाग रखे जाने का अनुरोध किया है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन से सिराला गांव की दूरी 12 किमी. है, गांव के नाम से स्टेशन का नाम रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 में बनाने वाले इस रेलवे स्टेशन का नाम देवप्रयाग ही रखे जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देवप्रयाग भारत के 108 दिव्य क्षेत्र में गिने जाने वाला प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। भगवान राम की तपस्थली रहे इस तीर्थ में भागीरथी और अलकनंदा नदी का संगम कर विश्व विख्यात है,यहीं से गंगा नाम धारण करती है। रेलवे मंत्री से तीर्थ एवं क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं के मध्यनजर स्टेशन का नाम सिराला से बदल कर देवप्रयाग किये जाने का अनुरोध किया है। (एजेंसी)

### दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया

चमोली : जिला समाज कल्याण विभाग और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गोपेश्वर चमोली द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कुलसारी के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग मतदाताओं को संबोधित करते हुए जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र चमोली के नोडल अधिकारी बृज मोहन सिंह नेगी ने कहा कि भारत चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाओं को चुनाव में मतदान करने के लिए अलग से गाइडलाइंस बनाई गई हैं।

## घास लेने गई महिला की पहाड़ी से गिरकर मौत

उत्तरकाशी : सिलक्यारा ग्यूनोटी के जंगल में घास लेने गई एक महिला की पहाड़ी से गिर गई। गंभीर हालत में उसे 108 ब्रह्मखाल अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनीता देवी निवासी सिलक्यारा बैंड गत सुबह अन्य महिलाओं के साथ हमेशा की तरह चारा लेने सिलक्यारा ग्यूनोटी के जंगल लामधार में गई थी। अपराह्न के समय अचानक महिला का पांव फिसला और वह गहरी खाई में जा गिरी। साथ में घास काटती महिलाओं ने किसी तरह महिला को गहरी खाई से निकालने की कोशिश की मगर पहाड़ी से वह उसे नहीं निकाल सकीं। (एजेंसी)

### पुरोला में चोरी की बारदात से परेशान लोग


उत्तरकाशी : पुरोला नगर पंचायत क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नगर के लोग खासे परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर क्षेत्र में गत एक माह के भीतर चोरी की तीन घटनायें घटित हो गई हैं। लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। लोगों ने पुलिस से रात्रि में गश्त बढ़ाने की मांग की है। नगर पंचायत क्षेत्र पुरोला के वार्ड संख्या छह में शुक्रवार रात को अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़े और यहां से चार लेपटॉप, नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

## भाजपा मंदिरों में आज से चलाएगी सफाई अभियान

नई टिहरी : अयोध्या में श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए भाजपा ने टिहरी में कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने बताया रविवार से जिले भर के मंदिरों में भाजपा और उनके अनुषांगिक संगठनों की ओर से साफ-सफाई, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन कार्यक्रम शुरु किये जाएंगे। नई टिहरी के सत्येश्वर महादेव मंदिर बौराड़ी से सफाई अभियान की शुरूआत की जाएगी। साथ ही भजन-कीर्तन कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। बताया जिले भर के मंदिरों में आगामी 22 जनवरी तक यह अभियान चलेगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी धनोल्टी, घनसाली और प्रतापनगर में उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले भर के लोगों से अपने-अपने घरों में दीये जलाकर दीपावली मनाने, साफ-सफाई और कीर्तन कार्यक्रम चलाने की अपील की जा रही है।

## जाखणीधार के सेमा गांव में गुलदार की दहशत

नई टिहरी : जाखणीधार के ढुंग मंदार पट्टी के सेमा गांव में गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीण दहशत में है। गुलदार सांय और सुबह गांव के आसपास नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग है। जाखणीधार के सेमा गांव में गुलदार की दहशत कम नहीं हो रही है, गुलदार आये दिन गांव के पयेजल स्रोत के साथ गांव के आस पास दिखाई दे रहा है। रात के समय गुलदार की घुराने की आवाज से ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्राम प्रधान रामप्यारी देवी,



अरविंद देसवान, गंभीर सिंह रमोला ने बताया कि बीते 6 सितंबर को गुलदार ने गांव की गुड्डी देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इस बीच करीब एक माह तक गुलदार लगातार गांव में आता रहा। बीते दो–तीन से गांव के आसपास गुलदार की सक्रियता बढ़ गई है। बताया गुलदार के डर से ग्रामीण अपने खेतों में काम धंधा करने अकेले नहीं जा पा रहे हैं। कहा कि पूर्व में भी वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाने की मांग की गई थी, बावजूद वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा नहीं लगाया। ग्रामीणों ने वन विभाग को ज्ञापन भेजकर गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाने की मांग की है। (एजेंसी)

# मो.शमी के हमशक्ल को देख फैंस हुए कंफ्यूज, वीडियो देख आपका भी चकरा जाएगा सिर!



नई दिल्ली , टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी का सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया पर उनके एक हमशक्ल का वीडियो वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में टोपी और जैकेट पहना एक शख्स नजर आ रहा है जिसने कई लोगों को कन्फ्यूज कर दिया है। इस शख्स को अगर आप कहीं दूर से देखेंगे तो यही समझेंगे कि ये भारतीय टीम के गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं। मगर ये मोहम्मद शमी नहीं बल्कि उनके हमशक्ल हैं।

वीडियो बनाने वाला शख्स उनसे बॉलिंग की नकल करने के लिए भी कहता है, जिसके बाद वह मोहम्मद शमी के अंदाज में बॉलिंग की नकल करते हुए दिखाई देते हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो को माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर नाम के पेज से शेयर किया गया है।

खबर लिखे जाने तक वीडियो को 99 हजार से अधिक लोगों ने देख लिया है। वीडियो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा– इंडियन टीम में ले लो, क्या पता बॉलिंग भी आती हो। दूसरे यूजर ने लिखा– हल्की आंच का शामी है ये तो। एक अन्य यूजर ने लिखा– बराबर सुखने दो अभी मोहम्मद नमी है।

# श्रीकांत के बाहर होने से भारत की एकल चुनौती समाप्त

कुआलालंपुर , पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के दूसरे दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए।

किदांबी श्रीकांत ने जोनाथन क्रिस्टी पर रोमांचक जीत के साथ भारतीय उत्साह को बढ़ाया, लेकिन अफसोस, उनकी यात्रा हांगकांग के एनजी का लोंग के खिलाफ दूसरे दौर में ही समाप्त हो गई।


जैसे ही एकल अभियान का सूरज डूबा, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन के बाहर होने और पीवी सिंधु की अनुपस्थिति से निराशा बनी रही। आकर्षी कश्यप ने बहादुरी से संघर्ष किया लेकिन महिला एकल के पहले दौर में हार गईं, जिससे भारतीय प्रशंसक और अधिक के लिए तरस गए।

फिर भी, एकल संघर्ष के बीच, युगल क्षेत्र में आशा की किरण उभरी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की गतिशील जोड़ी ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन की गति को जारी रखा। उन्होंने 21–11, 21–18 के स्कोर के साथ सीधे गेम की शानदार जीत में फ्रांसीसी जोड़ी, लुकास कोरवी और रोनन लाबर को हराया।



क्वार्टर फाइनल नजदीक होने के साथ, सात्विकसाईराज और चिराग को चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू के खिलाफ अपने मुकाबले का बेसब्री से इंतजार था, उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन क्षेत्र में भारतीय ध्वज को ऊंचा उठाना है।

# कभी नहीं देखा होगा ऐसा अद्भुत कैच! एक पल के लिए रुक गई थी फैंस की सांसे



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड में चल रहे सुपर स्मैश टी20 टूर्नामेंट का 22वां मैच शनिवार, 13 जनवरी को वेलिंगटन और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के बीच खेला गया। इस मैच में एक अद्भुत कैच देखने को मिला। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ओपनर विल यंग के आउट करने के लिए ट्रॉय जॉनसन ने अपना सबकुछ झोंक दिया और गजब का कैच पकड़ा।

दरअसल, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की पारी के छठे में विल यंग ने सीधे बल्ले से स्ट्रेट ड्राइव लगाई। गेंद उड़ती हुई नो मैन्स लैंड में गिरती दिख रही थी, लेकिन लॉन्ग ऑफ या शायद लॉन्ग ऑन पर फील्डिंग कर रहे जॉनसन तेजी से पीछे की ओर दौड़े। सीमा रेखा के ठीक पास में कैच लपका। जैसे ही लगा की वह बाउंड्री पार कर जाएंगे, बाएं हांथ को जमीन पर रखा और शरीर को हवा में रखते हुए गेंद उछाल दी।


निक केली ने दिया साथ

जॉनसन ने अपने साथी निक केली की तरफ गेंद फेंकी। निक ने बिना गलती के कैच पकड़ लिया। हालांकि, ट्रॉय जॉनसन का यह प्रयास देख स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शक दंग रह गए। वहीं, विल यंग को भी यकीन नहीं हुआ कि वह आउट हो गए हैं। सभी खिलाड़ियों के साथ दर्शकों ने भी ट्रॉय जॉनसन के इस प्रयास की खूब सराहना की।

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने जीता मैच

बात करें मैच कि सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने 17 ओवर से भी कम में 148 रनों का पीछा करते हुए मैच जीत लिया। जैक बॉयल ने शानदार अर्धशतक बनाया, जबकि डग ब्रेसवेल ने सिर्फ 11 गेंद में नाबाद 30 रनों की पारी खेली। इससे पहले लोगान वैन बीक की 24 गेंद में नाबाद 41 रनों की पारी ने वेलिंगटन की टीम को 20 ओवरों में 147 रनों के कुल स्कोर तक पहुंचाया था। हालांकि, मैच में ट्रॉय जॉनसन के प्रयास ने खूब सुर्खियां बटोरीं।

# जोकोविच, सबालेंका चैरिटी मैच के लिए टीम में हुए शामिल



मेलबर्न ,मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका रॉड लेवर एरेना में खचाखच भरे दर्शकों के सामने ग्रीक सितारों स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सकारी के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन चैरिटी मैच के लिए टीम में शामिल हुए।

यह मुकाबला एक चैरिटी मैच है। इसके टिकट से होने वाली कमाई ऑस्ट्रेलियाई टेनिस फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों के लिए कई प्रकार की चैरिटी का समर्थन करेगी। ए नाइट विद नोवाक एंड फ्रेंड्स इस सप्ताह विस्तारित ऑस्ट्रेलियन ओपन ओपनिंग के हिस्से के रूप में आयोजित होने वाले शाम के चार चैरिटी मैच कार्यक्रमों में से एक है। टूर्नामेंट की वेबसाइट के हवाले से सबालेंका ने कोर्ट पर जाने के बाद कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह मेरी पसंदीदा जगह है।

मुझे आज रात इन महान खिलाड़ियों के साथ जुड़कर खुशी हो रही है और उम्मीद है कि आप हमारे मैचों का आनंद लेंगे। जोकोविच के साथ टीम बनाने से पहले उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं उस पर थोड़ा दबाव डालूंगी।

# रजत पाटीदार ने जड़ा शतक, सरफराज और ध्रुव जुरेल की अर्धशतकीय पारी

नई दिल्ली। इंग्लैंड लायंस टीम भारत के दौरे पर है। भारत ए और इंग्लैंड के बीच दो दिवसीय अभ्यास मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड लायंस की टीम ने पहली पारी में 233 रन बनाए। वहीं, भारत 'ए' ने दमदार शुरुआत की है। रजत पाटीदार ने दमदार शतक जड़कर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है। इंग्लैंड लायंस के 233 रन के जवाब में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और रजत पाटीदार ने शुरुआत की। दोनों पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़े। ईश्वरन के आउट होने के बाद रजत पाटीदार ने मोर्चा संभाला और दमदार शतक जड़ा। पाटीदार ने 141 गेंद का सामना करते हुए 111 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान 18 चौके और एक छक्का जमाया।

ध्रुव जुरेल और केएस भरत ने भी जड़े अर्धशतक

इंडिया ए ने लंच तक 3 विकेट खोकर 257 रन बना लिए। वह फिलहाल 24 रन आगे हैं। सरफराज खान ने भी अपना क्लास दिखाया। उन्होंने 110 गेंद पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 96 रन बनाए। वह अपने शतक से चार रन दूर रह गए। केएस भरत और ध्रुव जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। भारत ए ने 24 रन की बढ़त हासिल की। ध्रुव जुरेल को भारतीय टेस्ट टीम में भी जगह मिली है।




भारतीय गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन

इससे पहले शुक्रवार को इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 233 रन बनाए। इंग्लैंड लायंस की पूरी टीम 51.1 ओवर में आउट हो गई। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। सलामी बल्लेबाज कीटोन जेनिंग्स (25) और एलेक्स हेल्स (35) ने पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। डैन मौसली (60) और ओली रॉबिन्सन (45) ही भारतीय गेंदबाजों का सामना कर सकें। आकाश दीप ने दो विकेट चटकाए थे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338